## खबर संक्षेप

### पांढुर्ना जिले में 3 दिन अवकाश घोषित

**पांढुर्ना ।** गत दिवस कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शासन द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांढुर्ना जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए। वर्ष 2024 के लिए पांढुर्ना जिले की सीमा के भीतर स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए मंगलवार 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन), शुक्रवार 11 अक्तु को दुर्गा नवमी (दुर्गा विसर्जन) तथा शुक्रवार 1 नवंबर को दीपावली के दूसरे दिन अवकाश की घोषणा जिला कलेक्टर द्वारा की गई है।

### जनशिक्षकों की मॉनिटरींग राशि 2 साल से नहीं दे रहे डीपीसी

**पांढुर्नाः** नगर के शिक्षा विभाग में जनशिक्षक का कार्य कर रहे 14 शिक्षकों की 3 लाख रू. से अधिक मॉनिटरींग राशि पिछले 2 साल से लंबित है। छिंदवाडा जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) के स्तर पर यह राशि दो वर्ष से बाकी है जिसके कारण जनशिक्षकों में काफी दुखी नजर आ रहे है। यहां उल्लेखनीय है जनशिक्षक बीते दो साल से हर माह अपनी जेब से खर्च कर निर्धारित शालाओं में विजिट कर अपना कर्तव्य निभा रहे है लेकिन छिंदवाडा में पदस्थ डीपीसी जे.के. इरपाची को इससे कोई मतलब नहीं है। ज्ञात हो कि प्रति जनशिक्षक 24 की राशि आज की तारीख में लंबित है जिसके लिए समस्त जनशिक्षक काफी परेशान हो रहे है। पिछले अनेक माह से डीपीसी जे.के. इरपाची से जब भी जनशिक्षकगण अपनी समस्या बताते है हर बार यह अधिकारी 2 दिन में डालता हूं, 4 दिन में डालता हूं या अगले सप्ताह डालता हूं कहकर महीनों से जनशिक्षकों को टाल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनशिक्षकों की मॉनिटरिंग राशि छिंदवाडा कार्यालय में आकर काफी पहले ही जमा हो चुकी है लेकिन डीपीसी के स्तर पर इस मामले को लंबित रखने के पीछे उनकी क्या मंशा है यह समझ से परे है।

### बेर के पेड़ को बीच में रख बनाए गए कचरा घर के कारण मामला आया था सुर्खियों में

# हरकपुरा पंचायत के पिंडरई में बने कचरा घर भरते ही टूट गए, निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया जनपद पंचायत की दूरस्थ ग्राम पंचायत हरकपुरा में अव्यवस्थाओं का अम्बार देखा जा सकता है। यह पंचायत निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार , फर्जी बिल लगाने जैसे आरोपों से सदा घिरी हुई है। यहां पर सचिव जब उनको खुद पंचायत में काम रहता है तब ग्राम पंचायत पहुंचते हैं। इस कारण ग्रामीणों के पंचायत से संबंधित काम में भी दिक्कत होने की बात ग्रामीण बतला रहे हैं।

अब ग्रामीणों में सचिव के प्रति दिन प्रतिदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है क्योंकि उनके पंचायत से संबंधित कार्य नहीं होने की दशा में सचिव के खिलाफ आक्रोश होना लाजमी है उनकी अपनी परेशानी हैं। लेकिन सचिव जो है, अपनी शर्तों पर नौकरी करने पर उतारू है। मनमाने तरीके से बिना पंचायत से प्रस्ताव पारित करवाये निर्माण कार्य शुरू कर अपने चहेते बेंडर के नाम भुगतान कर रहे हैं जिससे ग्रामीण अनजान है। लेकिन जब ग्राम पंचायत के पोर्टल पर जाएंगे तो साफ दिखेगा कि इस पंचायत में फर्जीवाड़ा जमकर किया जा रहा है।

पिछले वर्ष बेर के पेड़ के बीच में कचरा घर बनाकर सुर्खियों में आई यह ग्राम पंचायत अब नाडेफ निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया सामने आने लगा। इसका यदि किसी को उदाहरण देखना है तो पंचायत के ग्राम पिंडरई में गेंदालाल के घर के सामने बनाया गया कचरा घर इतना गुणवत्ताहीन बनाया गया है कि वह कूड़ा करकट भरने से ही भर नहीं पाया और बीचों-बीच से टूट गया है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतने छोटे काम में भी इन्होंने अपनी भ्रष्ट नीति अपनाकर भ्रष्टाचार किया। वहीं इसी से कुछ दूर एक मकान के पास का तो ग्रामीणों के बतलाये अनुसार कचरा खाने आए जानवरों के पैर के धक्के से लगते ही टूट गया यदि ग्रामीणों का कथन सत्य है तो इस कचरा घर में किए गए भ्रष्टाचार की जांच तो बनती है।

इसी तरह हरकपुरा ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यो एवं फर्जी प्रस्ताव के माध्यम से जनपद कार्यालय में तकनीकी अमले से सांठगांठ निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार करना सचिव का आचरण बन गया। इस तरह यदि इस ग्राम पंचायत में वर्तमान सचिव के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन करवाएंगे तो कचरा घर के साथ-साथ हर निर्माण कार्य में सामने आएगा। अब देखना यह है कि जो कचरा टूट फूट गए यदि उन्हें दोबारा व्यवस्थित और मजबूत ढंग से नहीं बनाया गया तो स्वच्छता मिशन के उद्देश्य से बने यह कचरा घर गंदगी का पर्याय बन जाएंगे।

### सीसीटीवी वीडियो पुलिस को सौंपा

## दुकान में घुसकर गुंडागर्दी, पुलिस से की गई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

बस स्टैंड परिसर स्थित घडी, चश्मे और गॉगल्स के मालिक किशोर मोदी के साथ कल रात्रि दुकान बंद करते समय दो युवकों द्वारा धक्का मुक्की और गालीगलौज करने का आरोप लगाते हुए इस आशय की शिकायत पुलिस थाना पांढुर्ना में की गई। किशोर मोदी ने शक जताया है कि यह दो युवक उनकी दुकान में लूटपाट और तोड फोड करने के इरादे से आए थे लेकिन इन्होंने अपने बडे भाई के सहयोग से दुकान का शटर जल्द बंद कर दिया इसलिए अनहोनी नहीं हुई। दुकानदार किशोर ने एक युवक का नाम श्री बताया है। किशोर मोदी ने पुलिस को बताया कि कल रात्रि दुकान बंद करते समय दो युवक अचानक उनकी दुकान पर आए और उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए धक्का मुक्की करने लगे। इसका विरोध करने पर युवकों ने दुकान के काऊंटर पर जोर जोर से हाथ पटक कर गालीगलौज करने लगे थे।

युवकों द्वारा की जा रही बदतमीजी का विरोध करने पर किशोर के बडे भाई को युवकों ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। दुकानदार ने अपनी शिकायत के साथ युवकों द्वारा की जा रही धक्कामुक्की का सी.सी.टी.वी. वीडियों पुलिस के सौंपा है।

## सतपुड़ा टाइगर छिंदवाड़ा बनी सिरमौर, यूनिक क्लब परासिया रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा नगर के स्टेडियम ग्राउंड में स्वर्गीय निर्मला देवी ठाकुर की स्मृति में 37 वर्ष की नव चेतना क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन एवं पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया प्रति जानकारी के अनुसार विगत एक सप्ताह से चल रहा नव चेतना क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट की कई बड़ी टीमों ने हिस्सा लिया जिसका फाइनल मुकाबला मंगलवार को सतपुड़ा टाइगर छिंदवाड़ा और यूनिक क्लब परासिया के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित 20-20 ओवर में 132 रन का स्कोर खड़ा किया जिसका पीछा करने उतरी सतपुड़ा टाइगर छिंदवाड़ा ने 15 ओवर में ही अपना लक्ष्य पूरा कर लिया इस प्रकार सतपुड़ा टाइगर विजेता टीम रही वही विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नगद राशि से पुरस्कृत किया गया क्रिकेट खिलाड़ियों को अलग-अलग पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का हुआ आयोजनपुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश पोफली जिला अध्यक्ष भाजपा, नवचेतना क्रिकेट क्लब के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम नारायण ठाकुर,पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, अजय चोरे, राजू परमार पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, संतोष जैन आदि मौजूद रहे।

## गर्ल्स कॉलेज की छात्रा को सोनम को कुमीते स्पर्धा में मिला गोल्ड मेडल



**छिंदवाड़ा।** राज्य कराटे चैंपियनशिप में राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज की छात्रा सोनम यदुवंशी ने कुमीते स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल किया इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डाक्टर अजरा एजाज , स्पोर्ट्स ऑफिसर अजय ठाकुर ,कराटे कोच ओमकार मोहबे , रविंद्र कुमार जायसवाल, कविता थापा ने छात्रा को बधाई दी।

### आज निर्मोह सागर, मुनि प्रणीत सागर का होगा भव्य मंगल नगर प्रवेश



**जुन्नारदेव-** : जैन मुनियों का आज नगर आगमन होने जा रहा है।जिसको लेकर जैन समाज में हर्ष व्याप्त है। उनके आगमन एवं स्वागत की तैयारी में जैन मंदिर में आवश्यक बैठक ली गई तथा कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा हुई। जिसके अनुसार परम पूज्य १०८ आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि १०८ श्री निर्मोह सागर जी, मुनि १०८श्री प्रणीत सागर जी भव्य मंगल नगर प्रवेश आज सुबह धर्म नगरी जुन्नारदेव मे होने जा रहा है।आप सभी से विनम्र आग्रह है कि चर्च तिराह जुन्नारदेव में सुबह 08 बजे आगमन हो रहा है। अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भव्य नगर प्रवेश करें मुनि द्व्य के सानिध्य में। तत पश्चात श्री १००८ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी मे श्री जी का अभिषेक, शांति धारा, मुनि श्री की मंगल देशना श्रवण करें । आहार चर्या नगर मे ही संपन्न होगी। उक्त जानकारी राकेश जैन द्वारा दी गई और नगर वासियों से अपील की गई है कि कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

## जिला माली समाज ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती



**छिंदवाड़ा –** बुधवार को जिला माली समाज विकास परिषद द्वारा समाज गौरव देश की प्रथम महिला शिक्षक एवं समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयंती माली समाज भवन में अध्यक्ष भाउराव चरपे की अध्यक्षता में परिषद के कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज बंधु तथा मातृशक्ति की उपस्थिति में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर उनके द्वारा किये समाज सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद कर मनायी गयी । इस अवसर पर भाऊराव चरपे, सतेन्द्र सेमेकार, अशोक अंबाडकर, विजय घोरसे, तुलसीराम चोरकर, जानराव चरपे, दीकप बाड़बुधे, नामदेव सरोदे, शिवराम आलोनकर, ज्ञानेश्वरी कन्हेरे, राजेश भगत, राजकुमार आलोनकर, विनोद कारटे, प्रभाकर अलोने, गोविन्दराव आलोनकर, रमेश घोरसे, माणिकराव भोजे, दिपेश चरपे, पांडुरंग घोरसे, दीपक सेमेकार, कैलाश दास, अजय चरपे, देवानंद निकाजू, सुरेश घोरसे, गणेश कारटे, मिलिन्द चरपे, निखिल दोड़के, संजय दास उपस्थित थे ।

## श्री राम महोत्सव को लेकर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

श्री राम महोत्सव कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए बीते गुरुवार को कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई मारुति नंदन सेवा समिति की अगुवाई में श्री राम महोत्सव भव्य रूप से मनाए जाने की तैयारी बड़े जोर शोर से पूरे जिले में चल रही है जिसके तहत अमरवाड़ा में आयोजित उक्त बैठक को संबोधित करते हुए मारुति नंदन सेवा समिति के आनंद बक्शी द्वारा विस्तार से पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई जिसमें बताया गया कि यह कोई राजनीतिक बैठक नहीं है श्री राम महोत्सव कार्यक्रम अंतर आत्मा से प्रेरित है जिसके तहत समिति द्वारा चार से 9 जनवरी तक 4:30 करोड़ राम नाम पत्रक राम नाम लेखन के लिए सा सम्मान घर-घर वितरित किए जाएंगे वहीं 11 से 14 जनवरी के बीच राम नाम का जाप किया जाएगा जिसमें 1111 बार राम नाम जप किया जाएगा यह कार्यक्रम प्रत्येक प्रतिष्ठित मंदिरों में हो हर मंदिर समिति गणेश उत्सव समिति दुर्गा उत्सव समिति कि इसमें सहभागिता हो वही अमरवाड़ा में लगभग 50000 पत्रक भर जाना है इसी तरह 15 से 18 जनवरी के बीच महिला मानस मंडली के कार्यक्रम संपन्न होंगे एवं 21 जनवरी तक पत्रक जमा किए जाएंगे तथा 22 जनवरी को अखंड रामायण का पाठ होगा 22 जनवरी को सभी पत्रक विधिवत पूजा अर्चना के साथ संग्रहित करके सिमरिया हनुमत धाम छिंदवाड़ा पहुंचना है।

## जन-जन का भविष्य संवारना ही मोदी का संकल्पः बंटी साहू

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का शहरी क्षेत्र में भी हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



देश के जन जन का भविष्य संवारना ही नरेंद्र मोदी सरकार का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। शहरों के साथ साथ गांव गांव मजरे और टोले में ये यात्रा पहुंच रही है और मौके पर ही आम जन की समस्यायों का समाधान किया जा रहा है। यह बात ज़िला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कही। वे राजपाल चौक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नगर निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार से शुरू हुई। राजपाल चौक, पुराना छपाखाना के अलावा कचरिया और बम्हनी पंचायत में भी यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने कहा कि गांव, मजरे टोले और छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। इसलिए अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। कोशिश यही है कि वॉटर सप्लाई हो, ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम हो, ट्रैफिक सिस्टम हो, शहरों में सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क हो, इन सभी को लगातार अपग्रेड किया जाए। स्वच्छता हो, पब्लिक टॉयलेट्स हों, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स हों, शहरों में इन पर भी पहली बार इतने व्यापक स्तर पर काम हो रहा है। हर किसी को इन बढ़ती हुई सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने कहा की

श्री नरेंद्र मोदी की सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी हर चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। आपने देखा है, जब कोरोना का इतना बड़ा संकट आया तो सरकार ने आपकी मदद करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। ये हमारी सरकार है जिसने हर व्यक्ति को कोरोना की मुफ्त वैक्सीन सुनिश्चित कराई। ये मोदी जी की ही सरकार है जिसने कोरोना काल में हर गरीब को मुफ्त राशन की योजना शुरू की। ये मोदी जी की ही सरकार है जिसने कोरोना काल में छोटे उद्योगों को बचाने के लिए लाखों करोड़ रुपए की मदद भेजी। विवेक बंटी साहू ने कहा की जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरु हो जाती है।

उन्होंने कहा की हमारे रेहड़ी, ठेले-पटरी, फुटपाथ पर काम करने वाले, ये सभी साथी नाउम्मीद हो चुके थे। उनको लगता था चलो भई ऐसे ही गुजारा करो कुछ होने वाला नहीं है। उनको पूछने वाला कोई नहीं था। इन साथियों को पहली बार बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का काम श्री मोदी की सरकार ने किया है।

### ग्रामीण अंचलों में बाधित विद्युत आपूर्ति

**छिंदवाड़ा :** विधुत वितरण कंपनी के 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे खोखले साबित हो रहें हैं टांसफार्मर आये दिन खराब होते रहते है ।ग्रामीण अंचलों में आलम यह है कि घरेलू फीडर में आपूर्ति सुचारू रखते हैं तो कृषि फीडर प्रभावित होता है कृषि फीडर को दस घण्टे आपूर्ति की जाती है तो घरेलू फीडर में वोल्टेज की समस्या होने लगती है सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत हिबरखेड़ी सब स्टेशन की हालत तो ओर भी दयनीय है इतिहास गवाह है कि यहाँ भूला हिवरखेड़ी डी एल फीडर के 12 ग्रामों में कभी भी निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं होती है इस संबंध में सरपंच संघ अध्यक्ष एवं सरपंच धनोरा परशराम वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग के लापरवाही के चलते बिजली ट्रिपिंग एवं वोल्टेज की समस्या की शिकायत प्रतिदिन आती है।

### पीपलानारायणवार का है मामला, नागरिकों को होती है खासी परेशानी

# वार्ड नंबर एक में बने हुए लाखों के शौचालय को तोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए पीपला नारायण वार के महिला शौचालय को तोड़ने की मांगअब नागरिकों के द्वारा की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीपला नारायण वार के वार्ड क्रमांक 1 में नगर पंचायत के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर 10 साल पूर्व यहां पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया था।

परंतु 10 साल से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी अब तक इस शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लगभग 80% राशि खर्च होने के बावजूद और निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी शौचालय के लाभ इस वार्ड और नगर वासियों को नहीं मिल रहा है।कहां जा रहा है कि महिला शौचालय का निर्माण गलत स्थान पर किया गया है।जिसके चलते अब वार्ड वासियों एवं नगर वासियों के द्वारा इस सार्वजनिक शौचालय को तोड़ने की मांग की जा रही है। पूर्व में भी अव्यवस्थित और बीच सड़क पर बने हुए इस शौचालय को तोड़ने की मांग नगर वासियों के द्वारा कई बार की जा चुकी है।परंतु नपा में बैठे हुए जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं देने के चलते वर्तमान में भी यह शौचालयनागरिकों को परेशान करता हुआ नजर आ रहा है। वर्तमान में महिला शौचालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। एक और जहां सरकार की ओर से स्वच्छ भारत सुंदर भारत का नारा देते हुए शौचालय के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की जा रही है।

वहीं दूसरी और जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकार की गाड़ी कमाई की राशि का दुरुपयोग होता हुआ पीपला नारायण वार में नजर आ रहा है।

आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## ठंड ने लोगों को अपने घरों में कैद होने के लिये किया मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अचानक मौसम में हुये बदलाब के बीच जिस तरह बीते हुये बुधवार की सुबह आसमान में अचानक कोहरा छाने के बीच कड़के की ठंड से क्षेत्रवासियों के कदमों को घरा के अंदर रहने के लिये मजबूर कर दिया गया। यह बात अलग है कि बीते हुये कुछ दिनों से ठंड तो पड़ रही है मगर इतनी तेज नही थी। क्योंकि दिन के समय जहां लोगों को सूरज की तेज तपन महसूस होती थी ओर रात के समय ठंड का अहसास होते हुये देखा जाता था। मगर बुधवार की सुबह निश्चित तौर प्रकृति ने लोगों को अचरज में डाल दियाग या क्योंकि जहां रात के समय लोग तारा दर्शन करते हुये सोये हुये थें तो सुबह कोहरे ने उनका स्वागत किया गया। इस तरह मौसम में अचानक हुये बदलाब के चलते अब सुबह के वक्त जिस तरह कोहरे का हाल देखा जा रहा है उसके चलते जहां लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाये घटित होने की सभावना बनने से नही चूक पा रही है। कोहरे की स्थिति इस तर देखने मिल रही है कि लोगों को आस पास के मकान तक दिखाई देना बंद होते हुये देखा जाने लगा है।

## क्षेत्रवासियों को नही मिल पा रहा शासन की योजनाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की जनहितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में शासन द्वारा बरती जा रही जरूरी चीजे उपलब्ध नही कराये जाने के कारण ग्रामीण जन इसका लाभ नही ले पा रहे है? जिसके प्रमुख रूप से देखा जावे तो सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति का बैक में खाता होना जरूरी है जिसके लिए कुछ राष्ट्रीयकृत बैकों को शामिल किया गया है। मगर सालीचौका में अभी तक न तो कोई बड़ी बैक की स्थापना हो पाई है और न हो कोई प्रयास होते हुये देखे जा रहे है संपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी यहां पर स्थिति मात्र एक छोटी यूको बैक के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है जो क्षेत्रवासियों को अपने लेनदेने के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है।

## अनेक गांव भी बंचित है पक्की सड़क से

**हरिभूमि न्यूज/ साईंखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हुए उनका भला किया जा रहा है, मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव आज भी पक्की सड़कों से नही जुड पाये है? लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भले ही गॉव गॉव सड़को का जाल विछा दिया हो परन्तु विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले अनेक गॉव आज भी पक्क्ी सड़क की सुविधा से कोशो दूर दिखाइ्र्र पड़ रहे है, जिसके चलते लोगों को आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पक्क्ी सड़क न होने से वर्षा काल में आवागमन दूभर हो जाता है और इन गांवों के लोग आज भी अपने आप को आज से 15 वर्ष पूर्व की स्थिति के समान महसूस करते हुए देखे जा रहे है? यहां के लोगों का कहना है कि इन ग्रामों में शीघ्र ही पक्की सड़क की सुविधा जनप्रतिनिधियों द्वारा मुहैया करायी जाये जिससे लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य जैंसी बुनियादी सुविधाओं के लिये शहर की ओर आवागमन सुगम हो सके। बताया जाता है कि इन ग्रामों के लोगों को आज भी अपनी आवश्यकता की बस्तुओं की खरीद फरोख्त के लिये साईंखेड़ा आना पड़ता है, मगर पक्की सड़क न होने से आवागमन में परेशाानी होती है साथ ही साथ इन गांवों में निवास करने वाले बच्चों का भी शिक्षा स्तर गिरता हुआ देखा जा रहा है, वही स्थिति तो गंभीर उस समय देखी जाते है तब गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने की जरूरत पड़ जाती है, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से वे सड़क का सपना संजोये बैठे हैं ।

# दुर्दशा की शिकार हो रही क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में कैसे कर पायेंगे बच्चे अध्ययन







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत का नारा देते हुए संपूर्ण देश को स्वच्छ बनाने की सोच रखी जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि प्रधानमंत्री की सोच को अमली जामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा भी संपूर्ण प्रदेश को स्वच्छ बनाने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुए गांव गांव टीमें भेजकर शौचालयों का निर्माण कराने बाद अब स्वचछता सर्वेक्षण की मुहिम शुरू कर दी गई है, जिसके चलते हमारे जिले के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023-24 में प्रदेश में सर्वोत्तम अंकों के साथ अच्छा स्थान प्राप्त करने के लिए कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इसी के चलते बताया जाता है कि बीते हुए कुछ माह पूर्व एक टीम द्वारा गांव गांवों पहुंचकर शिक्षण संस्थाओं सहित अन्य स्थलों पर निरीक्षण करने की बात कही गई थी जिसकी सूचना अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले ही मिल जाने के कारण इस टीम के पहुंचने के पूर्व अपनी शिक्षण संस्थाओं के शौचालयों को नई दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर इसके बाद उन शौचालयों की क्या सच्चाई बनी हुई है इस बात का अंदाजा ग्रामीण क्षेत्रों में देखकर आसानी से लगाया जा सकता है? वही दूसरी ओर लगभग छः वर्ष पूर्व शिक्षण संस्थाओं में भी सरकार द्वारा पक्के शौचालयों का निर्माण कराते हुए लाखों रूपया खर्च किये जा चुके है। मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो लगातार चलाई जा रही इस स्वच्छता की सत्यता का नजारा क्षेत्र के शाला भवनों में बदहाल हालत में पहुंच रहे शौचालयों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है कि आखिरकार सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च किये जा रहे पैसा मात्र एक औपचारिकता पूर्ण करते हुये शासन की राशि की होली खेलने के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है...? जहां अधिकारियों द्वारा आये दिन स्वच्छता का संदेश देने से नही तो नही चूकते है मगर शिक्षण संस्थाओं में फैल रही गंदगी के ओर किसी भी प्रकार का ध्यान न देना चिंता जनक सच्चाई मात्र कागजों पर चल रहे स्वच्छता अभियान को उजागर करने से नही चूक रहा है? जिसके चलते शिक्षण संस्थाओं की स्थिति को देखते हुए यह जान पड़ रहा है कि अधिकारियों के दिशा निर्देश सिर्फ अखबारों की सुर्खियों में छाने तक ही सीमित होकर रह रहे है। क्योंकि इस समय देखा जा रहा है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय शिक्षण संस्थाओं की स्थिति इतनी बदहाल हो रही है कि उनमें बच्चे तो क्या शिक्षकों को पहुंचने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि लगभग 6 साल पहले शासन के आदेश अनुसार शिक्षण संस्था में शौचालय बनबाने का जो आदेश दिया गया था उसे लेकर संबंधित विभाग द्वारा शौचालयों का निर्माण करते हुए उन्हें इतना सुन्दर बनाया गया था कि उसकी कल्पना नही की जा सकती थी। मगर उनकी सच्चाई चंद दिनों बाद ही जिस प्रकार से देखने मिल रही है उसकी भी कल्पना करना भी मुश्किल होने लगा है? क्योंकि इन शासकीय शिक्षण संस्थाओं में बीते हुए वर्षो में बनाये गये शौचालय इस प्रकार की स्थिति में पहुंच चुके है कि उनका छात्र छात्राओं सहित शाला के स्टाफ द्वारा उपयोग करने की बात तो दूर उनकी ओर झांकने से भी दहशत में देखे जाने लगे है। क्योंकि इन शौचालयों को लेकर साफ सफाई के आभाव में जहां उनके अंदर जहरीले कीडे मकोड़ो ने अपना डेरा जमा लिया गया है। वही दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं की स्थिति इतनी बदहाल हो रही है कि जब जरा सी बारिश होती है तो उनके चारों ओर बारिश का पानी भर जाने के कारण जहां बच्चों को शिक्षण संस्थाओं में बैठते हुए अध्ययन करना मुश्किल हो जाता है। जिस प्रकार से शासन से लेकर शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शौचालय निर्माण कार्यो पर जोर दिया गया था यदि वह जोर शिक्षण संस्थाओं के सुधार कार्य पर दिया गया होता तो निश्चित शिक्षण संस्थाओं की सूरत बदल गई होती। मगर चंद दिनों के लिए सुन्दर शौचालयों से सजी रहने के बाद बदहाल स्थिति में पहुंची शिक्षण संस्थाओं को लेकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि आखिर में बच्चें अपने स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए जाते है सिर्फ शौच करने के लिए नही? क्योंकि भले ही शौचालय बदहाल होते तो काम चल जाता, मगर बच्चों के लिए शिक्षण संस्थाओं की स्थिति में सुधार हो जाता तो उनको लाभ मिलता। क्योंकि पढ़ाई के दौरान चंद बच्चें ही शौचालयों का उपयोग करते है..? जबकि शिक्षण संस्थाएं शौचालय के आलवा जिस तरह अन्य कमियों से जूझती है तो सभी बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके चलते उनकी पढ़ाई पर विपरित असर पड़ता है। इस प्रकार की स्थिति के चलते लोगों का कहना है कि शौचालयों की सुन्दरता से अधिक जरूरत शिक्षण संस्थाओं के सुधार में ज्यादा महसूस की जा रही है जहां पर बैठकर बच्चों को अपनी पढ़ाई करना पड़ती है। मगर पता नही क्यों शासन द्वारा इस समय शिक्षण संस्थाओं के सुधार की जगह उनके शौचालयों पर ज्याद ध्यान देने में लगा दिया गया था और लगभग हर स्कूल में शौचालयों के नाम पर खर्च की गई राशि की गफलतबाजी बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हुये यह शौचालय खुद ही अपने आप बताने से नही चूक रहे है जिसके चलते इन शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले बच्चों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसी का परिणाम है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेंत्रों की शिक्षण संस्थाओं स्थिति इनती बदहाल होती हुई देखी जा रही है जहां हर वर्ष सरकार द्वारा लाखों रूपया खर्च करने के बाद अनुपयोगी साबित हो रहे है। यह बात अलग है कि शासन के आदेश अनुसार बीते हुये छः वर्ष पहले क्षेत्र की हर शिक्षण संस्था में लाखों रूपया खर्च करते हुये शौचालयों का निर्माण कराते हुए उन्हें सुन्दर बना दिया गया है। मगर आज भी शिक्षण संस्था की स्थिति बदहाल होने के कारण इन संस्था में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को भी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## मरीज की अज्ञात चोरों द्वारा पलक झपकते पार की गई मोटर साईकिल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस द्वारा दिये जा रहे सख्त पहरे के बाद भी जिस तरह नगर व क्षेत्र में चोरी की घटनाये घटित होते हुये देखी जा रही है वह निश्चित तौर से पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? क्योंकि चोरों द्वारा जिस तरह रहवासी क्षेत्रों के साथ दुकानों से लेकर वाहनों को पलक झपकते हुये पार किया जा रहा है उससे यह महसूस होने से नही चूक रहा है कि मानों चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पुलिस को चुनौती देने से नही चूक रहे है?



वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये ऐसा जान पड रहा है कि मानों नगर में कोई बडा ही चोर गिरोह घूम रहा है ओर वह नगर के प्रमुख स्थलों पर मौजूद रहते हुये इसी इंतजार में रहता है कि कोई अपने वाहन से आये और उसके वाहन रखते हुये वह अपना उसे शिकार बना सके? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये 1 जनवरी नये वर्ष के मौके पर उस समय देखने मिली जब एक मरीज नगर के शासकीय चिकित्सालय के सामने स्थित डा नायक की क्लिनिक में अपनी आंख को इलाज कराने के लिये पहुंचकर अपनी गाड़ी से उतरकर अंदर गया ही था कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी गाडी को चंद मिनिटों के अंदर पार कर डाला। इस घटना के संबंध में पीड़ित नगर की विजय कालोनी निवासी केशव प्रसाद शर्मा द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह बीते हुये 1 जनवरी को दोपहर 3.30 बजे के लगभग अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 49 एम सी 0871 होरो होण्डा कथ्थाई कलर से डा नायक के यहां इलाज कराने के लिये गये हुये थें। उसी दौरान किसी अज्ञात चोर द्वारा उनकी मोटर साईकिल को चोरी कर ली गई। घटना को लेकर पुलिस द्वारा पीड़ित की शिकायत पर आवेदन पत्र लेते हुये खोजने का भरोसा तो दिलाया गया है। मगर तीन दिन का समय बीत जाने के बाद भी न तो पुलिस गाडी को खोजने में सफल हो पाई ओर न ही चोर का कोई पता चल पाया है। इस तरह नगर में लगातार दिनों दिन बड़ रही बाइक चोरी की घटनाओं से जहां नगरवासियों में दहशत का महौल निर्मित होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर चोरों के हौसले लगातार बंलद नजर आने से नही चूक रहे है।

## सांईखेडा क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब के कारोबार की सच्चाई को महिलाओं ने थाने पहुंचकर किया उजागर, समय रहते कार्यवाही नही हुई तो अंदोलन की चेतावनी








**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

भले जिला मुख्यालय पर बैठे अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता के बीच पहुंचकर कितने ही बादे करते हुये यह बात कही जावे तक वह क्षेत्र में किसी भी तरह से अवैध कृत्यों को स्वीकार नही करेगे और मादक पदार्थो की अवैध विक्री पर रोक लगाई जावेगी। मगर अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा मंचों से किये जाने वाले वादों की सच्चाई को ग्रामीणों क्षेत्रों में पहुंचकर देखा जावे तो अपने आप ही प्रश्न चिन्ह लगने से नही चूक पाता है? क्योंकि इस समय जिस तरह क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब के साथ साथ अन्य मादक पदार्थो की विक्री होते हुये देखी जा रही है उसकी चपेट में युवा पीढ़ी के आने से जहां उनकी जिन्दगी बर्बाद होने से नही बच पा रही है तो दूसरी ओर अन्य प्रकार के नये अपराध जन्म लेते हुये देखे जा रहे है? क्योंकि जब जब कोई युवा इसकी गिरप्त में आ जाता है तो वह अपनी लत पूरी करने के लिये घर की सामग्री से लेकर अन्य जरूरी समान विक्रय करते हुये अपनी लत को पूरा करने में पीछे नही रहता है और उसके पास कुछ नही बचता है तो वह चोरी व लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देकर अपनी लत को पूरा करते हुये देखा जाने लगता है। इस तरह गांव गांव विक्रय हो रही अवैध शराब के साथ अन्य मादक पदार्थो का परिणाम है कि क्षेत्र में चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाये घटित होना आम बात बनती चली जा रही है? इस तरह सांईखेड़ा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे शराब सहित गांजा व अन्य मादक पदार्थो की विक्री को लेकर बीते हुये दिवस ग्राम तूमडा की महिलाओं द्वारा पुलिस थाने पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन करते हुये क्षेत्र में चल रहे अवैध मादक पदार्थो की विक्री की सच्चाई को उजागर करते हुये पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सबाल खड़े कर दिये गये है। बताया जाता है कि सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तूमडा में लम्बे समय से हो रही शराब की अवैध बिक्री के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने के कारण बर्बाद होती चली जा रही है। इस अवैध कृत्य पर अंकुश लगाने के लिये ग्राम पंचायत की महिला सरपंच द्वारा पंचायत की बैठक के दौरान प्रस्ताव पास करते हुये प्रशासन को अवगत कराये जाने के बाद भी जब किसी तरह की कार्यवाही नही हुई तो ग्राम की महिलाओं द्वारा एकत्र होते हुये सांईखेड़ा पुलिस थाना पहुंचकर घेराव की स्थिति निर्मित करते हुये अपना विरोध प्रदर्शन करते हुये पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौपते हुये ग्राम तूमडा में अवैध रूप से विक्रय हो रही शराब व गांजे के कारोबार पर शीघ्र रोक लगाते हुये कार्यवाही की मांग की गई। इस दौरान महिलाओं ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि आज तक हम महिलाये सिर्फ पुलिस को ज्ञापन देते हुये अपने घरों को वापिस जा रहे है। मगर यदि हमारे गांव में शराब व गांजे की अवैध विक्री पर रोक नही लगी तो पुलिस थाने में धरना देने के लिये मजबूर हो जावेगे। ग्राम पंचायत की महिला सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत के लेटर पेड पर दर्जनों महिलाओं के साथ मिलकर दिये गये इस ज्ञापन ने निश्चित तौर से जिला पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन में चलाई जा रही मादक पदार्थो के खिलाफ वाली मुहिम को कटघरे में खड़ा कर दिया गया है? क्योंकि आये दिन अखबारों स लेकर शोसल मीडिया में देखा जाता है कि पुलिस द्वारा गांव गांव विक्रय हो रहे मादक पदार्थो के खिलाफ लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवही कर रही है तो फिर ग्राम तूमडा में अवैध रूप से चल रहे शराब के कारोबार पर अंकुश क्यो नही लग पा रहा है जिसके चलते महिलाओं को थाने पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन करनेके लिये मजबूर होना पड़ा है? वही इस संबंध में सांईखेडा थाना प्रभारी विजय पाल से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि निश्चित तौर से बीते हुये बुधवार को ग्राम तूमडा से कुछ महिलाओं ने आकर तूमडा में अवैध रूप से शराब बिक्री होने की शिकायत की गई है उनकी शिकायत को हम गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही करेगे। वैसे भी हमारी पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में अवैध शराब हो या फिर अन्य मादक पदार्थो की विक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है ओर तूमडा में भी शराब का अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ते हुये मामले दर्ज किये गये है।

## बसेड़िया ने पहुंच विहिन जगह पर वनवासियों के बीच पहुंचकर मनाया नया वर्ष

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

अक्सर लोगों द्वारा नये वर्ष के पहले दिन को यादगार बनाने के लिये बड़ी बड़ी होटलों में पार्टी करते हुये मनाया जाता है। मगर जिस व्यक्ति पर यदि समाज सेवा का भूत सबार रहता है तो वह सभी चीजों को नजर अंदाज करते हुये उन गरीबों के बीच पहुंचकर मनाने में खुशी के पहल महसूस करने से नही चूकता है जिन लोगों को न तो इस बात का पता रहता है कि पुराना वर्ष कब निकल गया और नया वर्ष क्या होता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार को नगर के समाज सेवा मुकेश बसेड़िया की कार्य शैली को देखते हुये सामने आई जब आमजन की पहुंच से दूर जंगल क्षेत्र में बसे हुये पताल कोट में निवास करने वाले वनवासियों के बीच पहुंचकर नया वर्ष मनते हुये देखा गया। बताया जाता है कि जंगल क्षेत्र में धरातल से लगभग 1700 फिट नीचे बसे पाताल कोट में निवासरत प्राकृतिक सुन्दरता की पराकाष्ठा के स्थान पातालकोट में सीधे सादे वनवासियों के लगभग एक दर्जन से अधिक पहुंच से दूर मुकेश बसेड़िया द्वारा पहुंचकर नये वर्ष के पावन अवसर पर वृद्धजनो, बच्चो , बहनों ,युवाओं ,माताओं को ठंड से बचाने के गर्म कपड़े साडी, वर्तन सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरण करते हुये उनका





सम्मान करने के साथ आशीर्वाद लिया तथा आदिवासियो को स्वच्छता, शिक्षा के प्रति जागरूक कर नशा के दुष्प्रभाव को समझाते हुये इससे युवा पीढ़ी को दूर रखने के लिये जागरूक करने के साथ धर्मातरण रोकने का संदेश देते हुये हमारे देश की सनातन संस्कृति व सभ्यता से जोडे रखने के लिये प्रेरित किया गया। बताया जाता है कि पाताल कोट मे विश्व प्रसिद्ध जड़ी बूटियाँ पायी जाती है, उनके संग्राहक व विक्रेता दवासाजो भुमकाओ को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में संपूर्ण क्षेत्र के चहते बन चुके बसेडिया ने बताया कि ये दवासाज भूमिका प्रकृति प्रदत्त जड़ीबूटियों को खोजकर असाध्य रोगों को भी सहजता से दूर करने की क्षमता रखते है तथा इनका ये पुशतैनी कार्य है जो उपेक्षाओं के कारण धीरे धीरे खत म होते चले जा रहे है। प्रतिवर्ष इन दवासाजो का सम्मान कर इस प्राकृतिक खजाने को जीवंत रखने का छोटा सा प्रयास है। सर्व विदित है कि श्रीलंका के विश्वविख्यात क्रिकेटर जयासूर्या का इलाज इन्ही जड़ी बूटियों से हुआ था सदा ही दुर्गम बनांचल में सेवा देने वाले समाजसेवी मुकेश बसेड़िया नये वर्ष ही नही अपितु प्रायः अपने सभी त्यौहार,दीपावली,होली, आदि उत्सव भी आदिवासी परिवारों के साथ मनाते है। वही युवा समजसेवी बसेडिया कहना है कि जरूरत पड़ने पर दवा तो कीमत देकर मिल ही जाती है पर दुआएं केवल सेवा से मिलती है । उपरोक्त सेवा कार्य से बनांचल ग्रामो में नशा मुक्ति के साथ शिक्षा के प्रति जागरूक करने व धर्मांतरण रोकने का भी प्रयास जारी हैं। जानकारी के अनुसार पातालकोट के आदिवासी भरियो के प्रमुख देव स्थल पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर उनका सम्मान कर उपस्थित क्षेत्रवासियों से बेटी शिक्षा प्रोत्साहन व नशा से दूर रहने के लिये जागरूक किया गया।

## जैन एकता मंच द्वारा असहाय लोगों की मदद करते हुये मनाया नया वर्ष

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जब नया वर्ष शुरू होता है तो लोगों द्वारा अपनी उमंग पूरी करने के नाम पर लाखों रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ी जात है। मगर कुछ लोगों द्वारा नया वर्ष दूसरों की मदद करते हु मनाया जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों जैन एकता मंच द्वारा नया वर्ष बडे ही अनूठे तरीके यानि की असहाय लोगों की मदद करते हुये मनाया गया। बताया जाता है कि नववर्ष के प्रथम दिवस जैन एकता महिला मंच के तत्वाधान में नगर के विवेकानंद वार्ड में कमजोर वर्गो के परिवारों में घर-घर जाकर एकता मंच की महिलाओं ने कंबलों का वितरण किया जिससे वह इस समय पड़ रही ठंड में लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान एकता मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती स्मृति जैन ने बताया कि इस मंच का मुख्य उद्देश्य जैन समाज के विभिन्न घटकों को संगठित कर भगवान महावीर के सिद्धांतों के आगे बढ़ते हुए को समाज सेवा आगे बढाना हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती स्मृति जैन के आलवा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण नायक, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती आरती जैन एवं श्रीमती प्रीति जैन, डॉक्टर रूबी जैन, अर्चना जैन, पल्लवी जैन, खुशबू सिंघई, रूबी जैन एवं मीता जैन सहित अन्य महिलाये मौजूद थें। वही दूसरी ओर जैन समाज की पाठशाला के बच्चों ने भक्ति भाव के साथ अभिषेक पूजन कर नव वर्ष का स्वागत किया। नव वर्ष के प्रथम दिवस मे जैन आराधना के साथ वर्ष का शुभारंभ शिक्षिका श्रीमति आँचल जैन एवं श्रीमती प्रतिभा जैन के मार्गदर्शन में किया । वही नगर के पार्श्वनाथ जिनालय में भी बच्चों ने भक्तामर विधान किया एवं 48 दीपों से आरती के उपरांत सभी बच्चों को नगर के सभी जैन मंदिरों की वंदना, श्रीमति मीता जैन आंचल जैन एवं श्रीमती प्रतिभा के मार्गदर्शन में कराई गई।

खबर संक्षेप

## सेवानिवृत शिक्षक गुलाब सिंह ठाकुर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के सह संयोजक नियुक्ति



डिण्डौरी:- भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया के अनुशंसा पर शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. प्रदीप द्विवेदी ने सेवानिवृत शिक्षक श्री गुलाब सिंह ठाकुर को जिला सह संयोजक के दायित्व पर नियुक्ति की है। श्री गुलाब सिंह ठाकुर सेवापूर्व भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री व भारतीय जनता युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष अमरपुर जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके है साथ ही 06 दिसम्बर 1992 के कारसेवक तथा अमरपुर खण्ड के खण्ड कार्यवाह एवं जिला गौ सेवा प्रमुख रह चुके है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, वरिष्ठ नेता कैलाशचंद जैन, अशोक अवधिया, तुलसीराम कटैहा, डॉ. सुनील जैन, राजेन्द्र प्रसाद पाठक, अनिल मिश्रा, ज्ञानदीप त्रिपाठी, पंकज सिंह तेकाम, प्रीतम मरावी, ज्योतिप्रकाश धुर्वे, मण्डल अध्यक्ष कृष्णकुमार मिश्रा, भाजपा के ज्येष्ठ, श्रेष्ठ पदाधिकारियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां प्रेषित की साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बिना फिटनेस एवं बिना परमिट के बस चलाने वाले चालक की सजा एवं अर्थदण्ड

डिण्डौरी:- मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि, आप0 प्रकरण क्रमांक 547/2023 के आरोपी माखनलाल कोरी पिता गोविन्द लाल उम्र 52 वर्ष निवासी देवरी हटाई जिला कटनी(बस चालक) एंव आरोपी मुकेश सिंह बघेल पिता ददन सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी बिलासपुर जिला उमरिया(बस मालिक) को बिना परमिट तथा बिना फिटनेश के बस (MH49 J 0070) चलाने/चलवाने के मामले में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शहपुरा, जिला डिण्डौरी द्वारा आरोपी आरोपी माखनलाल कोरी पिता गोविन्द लाल उम्र 52 वर्ष (बस चालक) को मोटरयान अधिनियम की धारा 66/192(अ) के अपराध में दोषी पाते हुए 10,000/- का अर्थदण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा, मोटरयान अधिनियम की धारा 56/192 के अपराध में दोषी पाते हुए 5,000/- का अर्थदण्ड एवं मोटरयान अधिनियम की धारा 130(3)/177 के अपराध में दोषी पाते हुए 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । इसी प्रकार आरोपी मुकेश सिंह बघेल पिता ददन सिंह उम्र 40 वर्ष (बस मालिक) मोटरयान अधिनियम की धारा 66/192(ए) के अपराध में दोषी पाते हुए 10,000/- का अर्थदण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा, मोटरयान अधिनियम की धारा 56/192 के अपराध में दोषी पाते हुए 5,000/- का अर्थदण्ड अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 15-15 दिवस साधारण कारावास भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया ।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे तथा सहायक यंत्री व उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 429 परियोजनाओं में 133 कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में 9 हजार परिवारों को नल से जल प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में ग्राम पिपरहा, गोरसी, डडईबहरा, चन्द्रौठी में भूमि संबंधी अवरोध को दूर किए जाने के संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को तथा ग्राम फुलकोना में वन विभाग को निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने 9 हजार नल कनेक्शन ग्रामीण परिवारों को प्रदान करने के तहत मासिक लक्ष्य के विरूद्ध प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखण्ड डिण्डौरी के

# ग्राम पंचायत औरई व सुबखार रै. में सम्पन्न







### विकसित गांव विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना - अवध राज बिलैया

विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखण्ड डिण्डौरी के ग्राम पंचायत औरई मे आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा पदाधिकारीगण पहुँचे जहा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन व कन्यापूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

डिण्डौरी

ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवधराज बिलैया ने अपने उद्बोधन मे कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र मे भाजपा सरकार गरीब, शोषितों व वंचितों के कल्याण हेतु समर्पित है। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि जब तक गांव विकसित होगे तभी राष्ट्र विकसित होगा। जहॉ देश का गौरव विश्वपटल पर लगातार बढ़ रहा है वही सास्कृतिक विरासतों को प्रथमिकता के आधार पर प्रतिस्थापित होते हुए हम सब देख रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के प्रधानमंत्री बनते ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का बीड़ा उठाया। देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था, 5 ट्रिलियन इकॉनॉमी और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। पहले की सरकारें टुकड़े-टुकड़े विकास पर विश्वास करती थीं। 20 हजार घर, 30 हजार शौचालय जैसे लक्ष्य हुआ करते थे। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने देश में पहली बार संपूर्ण सेचुरेशन का कांसेप्ट दिया। हर घर में शौचालय, हर जरूरतमंद माता-बहन को गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जल जैसी योजनाएं संपूर्ण सेचुरेशन की ही उदाहरण हैं। संपूर्ण सेचुरेशन को हासिल करने के लिए ही मोदी सरकार ने प्रदेश के 80 लाख घरों में शौचालय बनाए हैं, तो 1.2 करोड़ प्रधानमंत्री अन्न योजना के कॉर्ड बनाए हैं। 10.87 लाख गैस सिलेंडर बांटे गए हैं। 42 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। वहीं प्रदेश की 46 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं। प्रदेश में 24 मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं और मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा पॉलीटेक्निक की पढ़ाई हिंदी में शुरू कराई जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार देने के लिए पेसा एक्ट लागू किया है तथा जनजातीय इतिहास को संजोने के लिए संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। जनजातीय क्रांतिवीरों और जननायकों की स्मृतियों को संजोने के लिए रेलवे स्टेशनों के नाम उनके नाम पर रखे जा रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम मे पूर्व जिला महामंत्री सुरेन्द्र कुमार दुबे, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते, मण्डल उपाध्यक्ष कुंजन नंदेहा, शक्तिकेन्द्र संयोजक गोपालदास बघेल सहित ग्राम के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहें।



# लापरवाही -आज भी अधूरी पड़ी बिल्डिंग

डिण्डौरी

जनपद एवं तहसील मुख्यालय बजाग में नव निर्मित महाविद्यालय भवन की बिल्डिंग में छात्रों की शिक्षा शुरू हो चुकी है लेकिन अभी भी बिल्डिंग का फिनिशिंग वर्क आधा अधूरा है, वहीं भवन निर्माण कार्य में आधे अधूरे निर्माण को लेकर लगातार खामियां सामने आ रही है हालांकि इस अधूरी बिल्डिंग में छात्रों की कक्षाएं संचालित की जा रही है। पी आई यू विभाग द्वारा चार करोड़ रूपए से अधिक की राशि से बनाई गई बिल्डिंग के शौचालय की टाइल्स लगातार टूट रही है जो कि घटिया निर्माण और अनियमितताओं को उजागर कर रही है। महाविद्यालय में फर्नीचर और पुट्टी वर्क की फिनिशिंग वर्क अभी भी बिल्डिंग में अनियमितताओं की कहानी बयां कर रहा है। बिल्डिंग के निर्माण में शुरूआत से ही अनेक कार्य में अनियमितताएं बरती गई जिन्हें समय समय में अखबार के माध्यम से संदर्भ में लाया गया। अब देखना यह है इस तरह की अनियमितताओं पर विभागीय अमला क्या कार्यवाही करता है। ज्ञात हो कि इस तरह की लापरवाही से बनी बिल्डिंग का यदि सुधार नहीं किया गया तो जल्द ही बिल्डिंग की क्षति के आसार बढ़ जाएंगे।

# कलेक्टर ने नगर परिषद शहपुरा में व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

## निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश





डिण्डौरी

कलेक्टर ने बुधवार को शहपुरा में सड़क निर्माण, तालाब निर्माण, नाली निर्माण, शौचालय निर्माण, बाजार व्यवस्था, बिजली, महिला पार्क, दीदी कैफे की शुरुआत करने व नगर में अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ताकि इन महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों व व्यवस्थाओं के लिए सबकी सहमति से निर्णय लिया जा सके। कलेक्टर ने खाली पड़े प्लॉटों में साफ-सफाई रखने हेतु जमीन के मालिकों को सूचित करने कहा है। पार्क निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया, सफाई कर्मियों की समस्याएं सुनी और निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नगर में पुस्तकालय के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने को कहा है। नगर परिषद शहपुरा को कर वसूली करने के सख्त निर्देश दिए हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि तालाब की सफाई के लिए दल बनाकर कार्यवाही करने को कहा है। इस दौरान एसडीएम शहपुरा श्रीमती निशा नापित, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शहपुरा श्री गणेश पाण्डेय, सीएमओ शहपुरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा का निरीक्षण

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा तथा मौजूद स्टाफ को मरीजों के समुचित उपचार करने के निर्देश दिए हैं।



# काटे जा रहे सागौन के हरे पेड़ की जानकारी के बाद भी नही पहुंचा वन विभाग

### सूचना के दूसरे दिन पहुंचकर की कार्यवाही

अनूपपुर।

वन परिक्षेत्र अनूपपुर के अगरियानार बीट अंतर्गत अगरियानार से पचरीपानी के मध्य विगत एक माह से जंगल के अंदर लगे बहु कीमती सागौन के हरे पडो की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आरी मशीन से अनेकों बार काट कर ले जाने की सूचना देर रात वन विभाग के मैदानी अमला को दिए जाने के बाद भी वन विभाग का मैदानी अमला स्थल पर नहीं पहुंच सका जिसके दूसरे दिन वन परिक्षेत्र अधिकारी को सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर दो सागौन वृक्षों को जप्ती कर कार्यवाही प्रारंभ की। ज्ञातव्य है कि मंगलवार की देर रात जंगल से मशीन के चलने की आवाज आने पर कुछ ग्रामीण अनूप सिंह देखने गए इस दौरान पाया कि कुछ व्यक्ति मशीन के आरा से सागौन के हरे पेड़ को काट रहे थे जिन्हें रोक कर वन विभाग के मैदानी अमले को सूचना दी गई रात भर इंतजार के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी पेड़ों की अवैध कटाई करने वाले व्यक्तियों को पकड़ने व काटे गए पेड़ों की जप्ती के लिए नहीं पहुंचा। इस बीच सूचना मिलने पर अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ने वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह को ग्रामीणों द्वारा बताई गई सूचना देते हुए कार्यवाही की अपेक्षा किए जाने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देश पर वन अमला मौके पर पहुंचकर एक दिन पूर्व काटे गए सागौन के हरे वृक्षों की जप्ती की। ग्रामीणों ने बताया कि विगत एक माह से देर रात होने पर कुछ व्यक्तियों द्वारा घने जंगल के बीच लगे हरे अत्यंत महत्वपूर्ण सागौन प्रजाति के वृक्षों की मशीन वाले आरा से काटकर ढो कर ले जाते हैं इस बीच 15 से 20 हरे वृक्षों की निर्मम तरीके से कटाई की जा चुकी है।

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने ग्रहण किया कार्यभार

## किए जाएं "हर हाथ को काम" दिलाने के लक्ष्य पूर्ति के हरसंभव प्रयास- राज्यमंत्री



अनूपपुर।

बुधवार को कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने मंत्रालय में अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और संचालित योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के सचिव ललित दाहिमा, आयुक्त रेशम मदन नागरगोजे, आयुक्त हथकरघा, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं मध्यप्रदेश संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम की प्रबंध संचालक श्रीमती सूफिया फारूकी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अवर सचिव जी.एस. आर्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी व जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने रेशम महासंघ के अध्यक्ष का भी कार्यभार ग्रहण किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाने की मंशा को आत्मसात करते हुए हम प्रदेश के कारीगरों एवं कलाकारों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा स्वरोजगार योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। बजट का समुचित उपयोग कर कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिये संकल्पित होकर कार्य करेंगे। विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। इससे जरूरतमंदों को रोजगार मिलता है और उनका हुनर भी सामने आता है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने सभी कारीगरों एवं कलाकारों को उनके उत्पाद एवं कला का अधिकतम मूल्य और लाभ में सीधा हिस्सा दिलाने के लिये ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ओएनडीसी (भारत का अपना अमेजन) नामक खुद का स्वदेशी ई-कॉमर्स प्लेटफार्म तैयार किया है। इस प्लेटफार्म के जरिये ग्रामीण कारीगरों को उनके उत्पादों की मार्केटिंग एवं क्रेताओं को सीधा विक्रय कर लाभ दिलाया जाएगा। यह कार्य एनएसई सिल्क इनक्यूबेटर द्वारा किया जाएगा। कारीगरों एवं कलाकारों के उत्पाद यूरोप, मध्य एशिया (मिडिल ईस्ट), अमेरिका और अन्य देशों को निर्यात किये जायेंगे। भारत सरकार के इस देशी ई-कामर्स प्लेटफार्म को सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू करने के नवोन्मेषी प्रयास किये जा रहे हैं। इससे प्रदेश के कारीगरों एवं कलाकारों के उत्पादों को उनके घर से एकत्रित कर उसे ओएनडीसी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जाएगा। क्रेता अपनी पसंद के अनुसार यह उत्पाद खरीद सकेंगे। इससे उस उत्पाद के कारीगर को अधिकतम मूल्य मिलेगा और शत-प्रतिशत लाभ उसके हिस्से में आयेगा। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि 'रेशम की खेती से किसानों की समृद्धि' सुनिश्चित करने के लिये कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग कटिबद्ध होकर प्रयास करेगा। इस लक्ष्य के तहत किसानों को उनके खेतों में रेशम की खेती कराकर उन्हें एक लाख रुपए प्रति एकड़ सालाना आय दिलाने के प्रयास किये जायेंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों एवं विपणन गतिविधियों में और गति लाई जाए और सकारात्मक व रचनात्मक सोच के साथ "हर हाथ को काम" दिलाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिये हरसंभव प्रयास किए जाएं।

# राष्ट्रीय युवा संगठन का तीन दिवसीय युवा शिविर सम्पन्न

अनूपपुर।

राष्ट्रीय युवा संगठन के 3 दिवसीय युवा शिविर का आयोजन 31 दिसम्बर से 02 जनवरी तक सामुदायिक भवन करपा में हुआ। युवा शिविर के में राष्ट्रीय युवा संगठन के राष्ट्रीय संयोजन समिति के सदस्य प्रेरणा देसाई और ज्ञानेश्वर पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अजमत खान के साथ प्रदेश संयोजक शिवकांत त्रिपाठी, सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय युवा सेल के संयोजक भूपेश भूषण और युवा गजलकार महेश अजनबी उपस्थित रहे। युवा शिविर को उद्धबोधन देते हुए राष्ट्रीय युवा संगठन की मार्गदर्शक प्रेरणा देसाई ने कहा कि आपातकाल के समय जब नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था, उस समय जयप्रकाश नारायण ने लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष किया। आजादी की लड़ाई में सामाजिक सद्भावना, सत्याग्रह, अहिंसा जैसे मानवीय मूल्यों के आधार पर देश आजाद हुआ। आज इन मानवीय मूल्यों पर संकट है। राष्ट्रीय संयोजन समिति सदस्य ज्ञानेश्वर ने बताया कि गांधी के युवा का अर्थ है आपसी प्रेम और सत्याग्रह के साथ समाज को आगे ले जाने वाले युवक।

# रील बनाने के लिए कार में खतरनाक स्टंटबाजी

### नियम कानून की उड़ा रहे धज्जियां

**अनूपपुर।** रील बनाने बेखौफ स्टंटबाजी, कार का गेट खोलकर स्टैंड बाजी करते युवक युवती और दो लोग बोनट पर बैठकर शूट किया वीडियो यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दो लड़के और लड़कियां गाड़ियों के बोनट पर बैठे दिखाई दे रहे है, वहीं और दो लोग गेट के अगल-बगल खड़े हैं। सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियो के चस्के में डूबे युवाओं के ऊपर रील्स और शॉर्ट वीडियो को लेकर गजब का क्रेज चढ़ा हुआ है और कुछ लोग तो लाइक्स और व्यूज के लिए खतरनाक वीडियो तक बनाने से भी परहेज नहीं करते हैं. ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की 6 जनपद पंचायतों की

# 12 ग्राम पंचायतों में हुए कार्यक्रम आयोजित

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केंद्र शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने बुधवार 3 जनवरी को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण और हितग्राही मौजूद थे।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।






जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के तहत लाभान्वित किया और उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में आये नागरिकों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। इन शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग- अलग स्टॉल लगाये गये।

### प्रधानमंत्री के सन्देश का किया प्रसारण

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा 3 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत बड़गुवा व नयागांव, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत रीछा व बरहटा, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत आमगांव छोटा व खुरसीपार, जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत उमरिया व चिनकी, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत चारगांवखुर्द व मोहपानी और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत बीकौर व करौंदी पहुंची।

### 12 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारत शासन की 19 और शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाना है। इसके जिले में अलग- अलग वाहनों के लिए दिनांकवार रूट चार्ट जारी किया है। रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए 4 जनवरी को वाहन क्रमांक एक जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत खापा व मचवारा, वाहन क्रमांक 2 जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत सिवनी बंधा व सिलवानी, वाहन क्रमांक 3 जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत झांझनखेड़ा व कामती, वाहन क्रमांक 4 जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत समनापुर व घूरपुर, वाहन क्रमांक 5 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत तेंदूखेड़ा व रातिकरार और वाहन क्रमांक 6 जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत गंगई व बिल्थारी पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं को दिए गये नवीन दायित्व

**नरसिंहपुर ।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व की मंशानुरूप हाल ही में सम्पन्न हुई प्रदेश कार्यसमिति बैठक में पारित प्रस्तावों के परिपालन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर होने वाले विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं को नवीन दायित्व सौपे गये है जिसमें इंजी. अभिलाष मिश्रा जिलाध्यक्ष पार्टी विस्तार योजना प्रभारी एवं लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति के गठन प्रभारी, डॉ. हरगोविंद सिंह जिला महामंत्री व जयप्रकाश वर्मा जिला मंत्री ग्राम परिक्रमा प्रभारी, ठाकुर राजीव सिंह जिला महामंत्री पी. एम. विश्वकर्मा योजना प्रभारी, विकसित भारत एम्बेस्डर योजना प्रभारी,रमाकांत धाकड़, शंकर चौधरी जिला उपाध्यक्ष - हर बूथ पर बॉल पेंटिंग कराना फिजीकल व डिजीटल प्रभारी, विनीत नेमा जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती बीना ओसवाल, राजकुमार गुर्जर, राजेश तिवारी, हरिशंकर कुशवाहा जिला मंत्री महाजनसंपर्क व मोर्चा सम्मेलन कार्यक्रम प्रभारी, राहुल कौरव जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती संगीता शर्मा जिला मंत्री, श्रीमती शिवा त्रिवेदी जिला मंत्री लाभार्थी योजना प्रभारी, नीलकमल जैन जिला कोषाध्यक्ष जनमन सर्वे प्रभारी, अमितेन्द्र नारौलिया 24 फरवरी मतदान दिवस प्रभारी बनाए गए है। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

### अतिथि शिक्षकों ने किया मंत्री श्री पटेल का अभिनन्दन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस अतिथि शिक्षक संघ के प्रांत वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जिला प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का स्वागत करते हुये अभिनंदन पत्र भेंट किया । आशा की कि डॉ मोहन यादव सरकार के द्वारा शीघ्र ही चुनाव पूर्व आयोजित अतिथि शिक्षकों की महापंचायत में की गई सभी घोषणाएं पूरी होगी। वर्तमान की सभी समस्याओं के साथ स्कूल अतिति शिक्षकों को अनुभव के आधार पर नियमित कर शेष अन्य मांगे भी शीघ्र पूर्ण की जावेगी। उक्त मौके पर एस.के.सोनी , शशिकांत मिश्रा , बृजेंद्र नेमा, सचिन शर्मा , प्रदीप मढारे, सुनील विश्वकर्मा मनीष त्रिपाठी, अरुण पाठक, पूरन लाल कहार, राजेश चौधरी, देवलाल झरिया, विनोद मेहरा, भूपेंद्र शर्मा, बेनी प्रसाद पटेल सहित अतिथि शिक्षक संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### दिलीप धनराज बने जीसीसीआई के प्रदेशाध्यक्ष



**करेली।** जीसीसीआई के राष्ट्रीय महासचिव पुरीष कुमार द्वारा जारी पत्रानुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के पूर्व अध्यक्ष और जीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वल्लभ भाई कथिरिया और निदेशक मंडल द्वारा सवार्नुमति से राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं संकल्पित मंदसौर के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता को गाय आधारित उद्योगों का वैश्विक परिसंघ का मध्य प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जीसीसीआई देशभर में गौ आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और गौ संवर्धन से युवाओं को जोड़ने के लिए कार्य करता है। रामगोपाल सोनी, प्रमोद नेमा राम रत्न शर्मा, सुभाष तेनगुरिया आदि सभी ने बधाइयां प्रेषित करते हुए वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया है।

### एस.आर बानगात्री का निधन



**नरसिंहपुर ।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक नरसिंहपुर रोसरा शांतिनगर निवासी एस. आर बानगात्री का अचानक हृदयगति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया, आप विमल बानगात्री, सुधीर, अभय व विवेक बानगात्री के पिता थे जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय नकटुआ मुक्ति धाम मे किया गया जहां पर समाज के सभी वर्ग के लोगो द्वारा श्रद्धांजलि दी ।

## मंत्री श्री पटैल एक करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का करेंगे भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल गुरूवार 4 जनवरी को नरसिंहपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटैल गुरूवार 4 जनवरी को प्रातः 8.15 बजे कार द्वारा जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे नरसिंहपुर जिले के ग्राम जोवा आयेंगे और यहां विश्वास परिहार के निवास पर स्वल्पाहार व भेंट करेंगे। इसके बाद प्रातः 11 बजे ग्राम आमगांव में स्व. डॉ. कैलाश देवलिया के निवास पर श्रृद्धांजलि एवं भेंट करेंगे। दोपहर 12 बजे ग्राम आमगांव से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे ग्राम तिंसरा में कार्यकतार्ओं को धन्यवाद, दोपहर 12.30 बजे ग्राम सिमरिया में कार्यकतार्ओं को धन्यवाद, दोपहर 12.45 बजे ग्राम नयाखेड़ा में कार्यकतार्ओं को धन्यवाद, दोपहर 1.10 बजे ग्राम बांसादेही में कार्यकतार्ओं को धन्यवाद, दोपहर 1.20 बजे ग्राम दिलहेरी आयेंगे और यहां दर्शन एवं कार्यकतार्ओं के साथ भोजन करेंगे। इसी दिन मंत्री श्री पटैल अपरान्ह 3 बजे ग्राम दिलहेरी से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम करोंदा आयेंगे, अपरान्ह 3.45 बजे ग्राम बरहा में मातवर सिंह के निवास आयेंगे व भेंट करेंगे। इसके बाद सायं 4.30 बजे ग्राम खिरिया में कार्यकतार्ओं से भेंट, सायं 4.45 बजे ग्राम निवारी में बाजार में धन्यवाद सभा, सायं 5.20 बजे ग्राम सिंहपुर में अखिलशंकर शर्मा और विवेक महाजन के निवास पर भेंट, सायं 6.30 बजे ग्राम लोकीपार में गायत्री मंदिर दर्शन और सायं 7.30 बजे ग्राम धुवधट में उनका समय आरक्षित रखा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल गुरूवार 4 जनवरी को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम आमगांव से दिल्हेरी मार्ग पर ग्राम तिंसरा में एक करोड़ 21 लाख 20 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नाले पर पुल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।



### 40 कृषकों को बांटी गई कटिया मशीन'

**तेंदूखेड़ा-** कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषक कल्याण योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर कटिया मशीनों का वितरण किया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बी एम साहू ने बताया कि चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के 40कृषकों को यह मशीन वितरित की गई जिसमें 5 अनुसूचित 5 अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा 30अन्य वर्ग के कृषकों को दी गई है।इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, कृषक नेता शिवदयाल खेरोनिया,उपा, प्रतिनिधि डालचंद पटेल, पुरुषोत्तम पटेल महीष मोदी, रामकुमार ठाकुर लीलाधर कुशवाहा गोलू अग्रवाल के अलावा कृषि विभाग के अनूप जयवार, अरविंद जैन,सी एन धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायतों के उप निर्वाचन के दिन अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023- उत्तरार्द्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 5 जनवरी को मतदान के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले कारखानों में कार्यरत कामगारों को मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने की दृष्टि से कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत समस्त कारखानों के अभिभोगीगण एवं प्रबंधकगण मतदान के दिन अपने कामगारों के लिए कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत साप्ताहिक अवकाश प्रतिस्थापित करने की व्यवस्था कर मतदान के दिन साप्ताहिक अवकाश घोषित करेंगे। जिससे कामगार अपने मताधिकार का उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से कर सकें। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वे पूर्व परम्परा अनुसार प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो- दो घंटे की सुविधा देंगे। प्रथम पाली के श्रमिकों को नियमित समय से दो घंटे पूर्व बंद की जावेगी एवं द्वितीय पाली निर्धारित समय से दो घंटे पश्चात प्रारंभ की जायेगी, ताकि कामगारों को मतदान करने में कठिनाई न हो। ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया की श्रेणी में आते हैं, उनमें पूर्व परिपाटी अनुसार श्रमिकों को उनके देय भुगतान में किसी प्रकार की क्षति न पहुंचाते हुए बारी- बारी से पर्याप्त समय प्रदान करते हुए मतदान की अनुमति दी जाना सुनिश्चित की जावे। संबंधित ग्राम पंचायत के मतदान क्षेत्रों में आने वाली दुकान एवं वाणिज्य संस्थानों के कामगारों को मतदान के लिए सुविधा की दृष्टि से उनके नियोजकगण एवं प्रबंधकगण मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत दुकान/ संस्थान को निर्धारित दिन बंद/ अवकाश नहीं रखते हुए उसके स्थान पर मतदान के लिए को बंद/ अवकाश रखेंगे तथा अन्य दुकान/ संस्थान जिनका बंद दिन निर्धारित नहीं है, वे कामगारों को बारी- बारी से मतदान करने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करने की अनुमति देंगे। उक्त निदेर्शों का समुचित परिपालन जिले के सभी उद्योगों, कारखानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं दुकान व स्थापनाओं के अधिभोगीगण, प्रबंधकों तथा नियोजकों द्वारा सुनिश्चित किया जावेगा। यह जानकारी श्रमपदाधिकारी ज्योति पांडे दुबे ने दी है। उल्लेखनीय है कि जिले में एक जनपद सदस्य, 3 सरपंच व 26 पंच रिक्त हैं, जिनका पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) 2023 के तहत निर्वाचन संपन्न होना है। जनपद सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 (1) में निर्वाचन संपन्न होना है। सरपंच पद के लिए जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरजोला में एक व मुंगवानी में एक, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुंदरई में एक में निर्वाचन संपन्न होना है। पंच पद के लिए जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के वार्ड क्रमांक 7, गोगावरी के वार्ड क्रमांक 9 व सिमरियाकला के वार्ड क्रमांक 7 में निर्वाचन, जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदपुरा के वार्ड क्रमांक 9 व 10, नयाखेड़ा के वार्ड क्रमांक 10, चीलाचोनकला के वार्ड क्रमांक 2 व 4, पीपरपानी के वार्ड क्रमांक 2, 4, 7 व 8, मेहगांव के वार्ड क्रमांक 6 व 7 व धमना के वार्ड क्रमांक 9, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत मगरधा शेढ़ के वार्ड क्रमांक 2, चंदलौन के वार्ड क्रमांक 3, बेदू के वार्ड क्रमांक 10, नगवारा के वार्ड क्रमांक 12, पिपरिया मवई के वार्ड क्रमांक 2, झौत के वार्ड क्रमांक 6, कुसीवाड़ा के वार्ड क्रमांक 6 व वासनपानी के वार्ड क्रमांक 6, जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर के वार्ड क्रमांक 3 व भामा के वार्ड क्रमांक 1 और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तूमड़ा के वार्ड क्रमांक 1 में निर्वाचन सम्पन्न होना है। इसी तरह जिले की नगरपालिका परिषद करेली के वार्ड क्रमांक 5 गनेश वार्ड में पार्षद पद के लिए भी चुनाव सम्पन्न होना है।

## नेत्र परीक्षण एवं रक्त परीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज - करेली।

आदर्श शिक्षण समिति के संस्थापक सदस्य कर्मवीर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्गीय पंडित शालिगराम पालीवाल की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रेड रिबिन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पुष्पांजलि एवं रक्त समूह शिविर एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन किया गया महाविद्यालय में स्थापित स्वर्गीय पालीवाल की प्रतिमा पर आदर्श शिक्षण समिति के सचिव संजीव खजांची, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमितेन्द्र नारोलिया, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष अनिल पालीवाल, कार्यकारिणी सदस्य किरीट साँवला,हेमंत तिहैया,अमित छेड़ा, मनीष राय, रिम्पी लाम्बा, प्रेस परिषद सचिव मनोज लूनावत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यू एस परमार उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी, सहयोगी संस्थाओं के प्राचार्य संजय दुबे,हरजीत सिंह छाबड़ा,जी एस राजपूत,एवं समस्त स्टाफ ने पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके उपरांत निशुल्क रक्त समूह परीक्षण निदान पैथोलॉजी अनिल मेहरा, दीपाली पटेल करेली एवं निशुल्क नेत्र परीक्षण सेंटर फॉर साईट जबलपुर की टीम,डॉ आशीष द्ववेदी,विवेक तिवारी, आशीष मालवीय ,कीर्तिराज ठाकुर,द्वारा सभी छात्र छात्राओं एवं स्टाफ का रक्त परीक्षण एवं नेत्र जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिससे लगभग 250 छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार ने सफलतम जांच शिविर टीम का आभार व्यक्त किया ।

## सड़क दुघर्टना में घायलों को एसपी ने अपने वाहन से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर



बुधवार की शाम को कुछ लोग दादा महाराज से नरसिंहपुर की ओर ऑटो से नरसिंहपुर की ओर आ रहे थे, उसी दौरान गलत दिशा से आ रहे ट्रेक्टर, ट्राली द्वारा उनको टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार एक महिला एवं तीन बच्चे घायल हो गये। जिसमे दिव्या पिता दीपक मेहरा उम्र 4 वर्ष , ज्योति पिता दीपक मेहरा उम्र 1 वर्ष , रश्मि पति दीपक मेहरा उम्र 26 वर्ष, दीपक पिता सरदार सिंह मेहरा उम्र 35 वर्ष, वैष्णवी पिता राकेश मेहरा उम्र 14 वर्ष, लक्ष्मी पिता लखन कुशवाहा उम्र 10 वर्ष सभी निवासी सूरवारी थाना ठेमी घायल हो गये । इसी दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, शासकीय कार्य उपरान्त जबलपुर से नरसिंहपुर आ रहे थे जिन्होने घटना स्थल पर भीड देखकर अपने वाहन को रोककर जानकारी ली गयी एवं घायलों को देखा एम्बूलेन्स को आने में देरी को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं घायलों को अपने शासकीय वाहन से जिला अस्पताल पहुचया गया जिससे घायलों का समय पर इलाज हो सका। गलत दिशा से ट्रेक्टर, ट्राली चलाकर दुर्घटना घटित करने वाले चालक की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये विशेष टीमों का गठन किया गया है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

## ठेकेदारों की चल रही मनमानी, एक साल पहले हुआ भूमिपूजन अभी तक नहीं हुआ काम शुरू

**तेंदूखेड़ा-** लगभग 85.30 लाख रुपए की लागत से तेंदूखेड़ा के पुराने बस स्टैंड से वार्ड क्रमांक 07के अंतर्गत आने वाले मंडी चैराहे तक बनने वाली सीमेंट सड़क का अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। विगत 28दिसंबर 2022में नगर गौरव दिवस पर म प्र शासन के तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री के द्वारा इसका भूमि पूजन भी किया जा चुका है।एक साल बीत जाने के बाबजूद भी इस सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू ना होना निश्चित तौर पर ठेकेदारों की मनमानी ही कहा जायेगा। सड़क निर्माण को लेकर जहां तहां पड़े मटेरियल के कारण जहां आम आदमी परेशान हैं वहीं इस मार्ग पर स्थित दुकानदारों और रहवासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गिट्टी का उचटना धूल के गुबार बाहनों की



आवाजाही में परेशानी और दुकानों की ग्राहकी पर असर पड़ना आम बात हो गई है। वैसे भी यह सड़क दुकान दारों के तीन सीजन निगल चुकी है।श्रावण,बैसाख, फिर दीपावली के समय यहां के दुकान दार काफी परेशान रहें हैं।

**'नगर की सबसे व्यस्ततम सड़क'**- नगर की यही एक मात्र ऐसी सड़क है जिस पर अधिक दबाव बना रहता है।इस सड़क को काफी सुंदर और चैड़ी बनाये जाने के कयास लगाए जा रहे थे। चूंकि बीच में अतिक्रमण की समस्या और चैड़ी करण के दौरान आई कानूनी प्रक्रिया के चलते भी काम में बाधा एक कारण माना जा रहा है। जैसे तैसे इन सब प्रक्रियाओं से अब जाकर मुक्ति तो मिल चुकी है लेकिन संबंधित ठेकेदार समय से काम प्रारंभ कर देते हैं तो दुकानदारों को आगे वाले शादी विवाह के सीजनों का ग्राहकी लाभ मिलना सुनिश्चित हो जायेगा।

पीड़ति दुकान दारों का कहना है कि पहले अतिक्रमण को लेकर चली टूट फूट के कारण परेशान हुए फिर श्रावण मास के दौरान सड़क खुदाई के कारण आवागमन बंद रहा।ऐसी स्थिति में ग्राहकी का अभाव बना रहा।अब सड़क पर मटेरियल तो डलने लगा है लेकिन काम कबसे शुरू होगा यह कहा नहीं जा सकता है।

**'इनका कहना है'**

सड़क मार्ग निर्माण को लेकर संबंधित ठेकेदार को पूर्व में भी नोटिस दिए गए हैं और अभी भी शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के लिए बोला गया है। मटेरियल तो डलने लगा है दो तीन दिन में काम प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है।

**श्रीकांत पाटर**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेंदूखेड़ा**